हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

11 सफाई कर्मचारियों ने किया झाड़ू प्रदर्शन



12 पेयजल व सिंचाई के स्रोत को किया जा रहा प्रदूषित



**खबर संक्षेप**

### अज्ञात वाहन की टक्कर से श्रमिक की मौत



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बिसहान के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 33 वर्षीय सचिन पुत्र रणबीर के तौर पर हुई है। सचिन दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। मामले के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि बुधवार को सचिन अपने काम के सिलसिले में बेरी आया था। जिसके बाद वह रात करीब साढ़े आठ बजे घर वापिस लौट रहा था। इसी दौरान गांव के नजदीक उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के कारण सचिन की मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक के भाई सागर की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### घायल कैंटर चालक ने पीजीआई में दम तोड़ा

**झज्जर।** बीते मंगलवार को बेरी क्षेत्र में हुई ट्राला व कैंटर की टक्कर में घायल कैंटर चालक की रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान हांसी जिले के जीतपुरा निवासी सुनील पुत्र रमेश के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई संदीप ने बताया कि उसका भाई सुनील कैंटर पर चालक की नौकरी करता था। जब वह बीती 30 जून को कैंटर लेकर गुरुग्राम जा रहा था तो कलानौर से बेरी मार्ग पर ट्राले ने उसके भाई के कैंटर को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हुए उसके भाई का रोहतक पीजीआई में उपचार चल रहा था। वीरवार को उसके भाई ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### वेद प्रचार मंडल जुलाई में रोपेगा एक लाख पौधे

**बहादुरगढ़।** हरियाणा वेद प्रचार मंडल के प्रदेश अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद के नेतृत्व में जुलाई महीने में पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में 51 सौ अर्थात पूरे हरियाणा में एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। आर्य प्रतिनिधि सभा के झज्जर जिला प्रधान आर्य हरिओउ्म दलाल ने बताया कि स्वामी सच्चिदानंद द्वारा तैयार अभियान को पूरा करने के लिए प्रदेश को चार चरणों में बांटा गया है। झज्जर को चौथे चरण में रखा गया है।

### सेक्टर 9ए में मकान के बाहर फायरिंग!

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-9ए में बीती रात को एक प्रॉपर्टी डीलर के मकान के बाहर फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। चर्चा है कि कुछ दिन पहले डीलर से फोन पर किसी गिरोह द्वारा रुपयों की मांग की गई थी। संभवतः उसी सिलसिले में फायरिंग की गई। अभी पुलिस ने पुष्टि नहीं की है।

**खींचतान : चेयरपर्सन सरोज राठी व भाजपा नेता दिनेश कौशिक पर लगाए गंभीर आरोप**

# भाजपा पार्षदों ने अपने ही नेताओं को घेरा, बोले- कौशिक ने पार्टी तोड़ी, राजेश जून ने कुनबा बढ़ाया

> भाजपा के विस प्रत्याशी रहे दिनेश कौशिक ने एक दिन पहले प्रेसवार्ता में उठाए थे विधायक पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी और विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे दिनेश कौशिक की प्रेस कॉन्फ्रेंस के एक दिन बाद पलटवार करते हुए भाजपा पार्षदों ने दोनों की कार्यशैली पर खुलकर सवाल उठाए। पार्षदों ने विकास कार्यों, संगठन में तालमेल और अनदेखी को लेकर मुखर नाराजगी जाहिर की। इस मौके पर पार्षद राजेश मकड़ौली, अशोक शर्मा, सत्यप्रकाश छिकारा, प्रवीण सोनू, अश्विनी शर्मा शंभू, प्रवीण छिल्लर, हरिमोहन धाकरे, पवन रोहिल्ला, पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, बलराज दलाल व महेंद्र छिल्लर आदि मौजूद रहे।

## पहले विधायक और फिर चेयरपर्सन ने फोड़ा एक ही काम का नारियल

**श्रेय की होड़**

30 जून 2026



बहादुरगढ़। वार्ड 18 में कार्यों का शुभारंभ करते विधायक। – फाइल फोटो

2 जुलाई 2026



बहादुरगढ़। वार्ड–18 में विकास कार्य का शुभारंभ करवाते दिनेश कौशिक।

बहादुरगढ़। शहर के वार्ड-18 में बरसाती पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए शुरू की गई परियोजना का तीन दिन पहले विधायक राजेश जून ने शुभारंभ किया। अब चेयरपर्सन सरोज राठी, भाजपा नेता दिनेश कौशिक और वार्ड पार्षद संदीप दहिया की मौजूदगी में दोबारा इसी काम का शुभारंभ हुआ। दरअसल, विवेकानंद नगर की गली नंबर-4, 6, 8 व 9 में बरसाती पनी की निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी। भाजपा नेता, चेयरपर्सन और पार्षद की मौजूदगी में वार्ड के बुजुर्ग अमीलाल पूनिया और राज सिंह गौतम ने नारियल फोड़कर इस कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। दिनेश कौशिक ने बताया कि वार्ड-18 में करीब 37 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य होंगे। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में बहादुरगढ़ में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षद संदीप दहिया ने कहा कि विवेकानंद नगर में पाइपलाइन बिछने के बाद जलभराव से राहत मिलेगी। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन विनोद कौशिक, पार्षद राजेश तंवर, रमेश राठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज, भाजपा नेता दिनेश शेखावत, शमशेर दलाल, राकेश दलाल, जसवंत खत्री, वीरेंद्र, राजेश राठी, सोनू शर्मा, लक्ष्मी दत, रोहित राठी, महावीर धनखड़, नरेंद्र, महावीर मास्टर व मंदीप दलाल आदि मौजूद थे।

### पार्टी की छवि खराब की



पार्षद राजेश मकड़ौली ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता ने अपनी पुत्रवधु को सीएम विंडो की एमिनेंट पर्सन बनवाया तथा ग्रीवेंस कमेटी में खुद को सदस्य बनवाया। उन्होंने चेयरपर्सन से कई बार विकास कार्यों के लिए आग्रह किया, यहां तक कि उनके घरेलू विवादों में भी साथ दिया, लेकिन बाद में झूठे आरोप लगाकर पार्टी की छवि खराब कर दी गई।

### विधायक ने बजट पास करवाया



पार्षद अशोक शर्मा ने भी दिनेश कौशिक के बयान को 110 प्रतिशत गलत बताते हुए कहा कि उन्होंने पार्षदों का केवल इस्तेमाल किया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके वार्ड में नई कॉलोनी स्वीकृत हुईं और विधायक राजेश जून ने नई कॉलोनियों के विकास के लिए चंडीगढ़ से बजट स्वीकृत कराया। उन्होंने भाजपा को नई मजबूती दी।

### सुनवाई न होने पर जाना छोड़ा



पार्षद राजकुमारी धाकरे के पति हरिमोहन धाकरे ने कहा कि उनकी मांग केवल अपने वार्डों में विकास कार्य कराने की थी। सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने दिनेश कौशिक और सरोज राठी के पास जाना बंद कर दिया। भाजपा के नाम पर वोट लेने के बावजूद पार्षदों की उपेक्षा की गई और भाजपा पार्षदों को ही चोर साबित कर दिया।

### कौशिक ने कार्यकर्ता तोड़े



ब्लॉक समिति सदस्य दयानंद ने बताया कि पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने वर्षा गौतम को ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन बनवाया था। लेकिन टिकट मिलने के बाद दिनेश कौशिक ने साजिश रचकर भाजपा की वर्षा गौतम को हटवा दिया और दूसरी पार्टी में रही सदस्य को प्रधान बनवाया। दूसरों पर आरोप लगाने से पहले खुद के किए काम भी देखने चाहिए।

### जून ने नए सदस्य जोड़े



वर्षा गौतम के पति सत्यवान दलाल ने बताया कि दिनेश कौशिक ने पार्टी को जोड़ने की बजाय तोड़ने का काम किया है। राजेश जून ने विधायक बनने के बाद सरकार को समर्थन दिया। वर्तमान व पूर्व पार्षदों समेत कई नेताओं को भाजपा में शामिल करवाया। राजेश जून ने नगर परिषद के अटके हुए बजट को पास करवाया।

**गिरवाड़ के पास सड़क हादसा**

# ट्रैक्टर में टकराई बाइक एमबीबीएस छात्र की मौत

- गिरवाड़ के मेडिकल कॉलेज में तृतीय वर्ष का छात्र था बल्लभगढ़ का हिमांशु गुप्ता
- ट्रैक्टर के अचानक ब्रेक लगाने की वजह से हुआ हादसा



मृतक हिमांशु गुप्ता का फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव गिरावड़ के बस अड्डे नजदीक ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली व मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल सवार एक अन्य युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान फरीदाबाद के बल्लभगढ़ की महाबीर कॉलोनी निवासी करीब 21 वर्षीय हिमांशु गुप्ता पुत्र उमेश गुप्ता के तौर पर हुई है। हिमांशु गुप्ता गिरावड़ के एक निजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस तृतीय वर्ष का विद्यार्थी था। वह कॉलेज के ही हॉस्टल में रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हिमांशु गुप्ता बुधवार को अपने साथी गुरुग्राम जिले के पंचगांवा निवासी तुषांत यादव के साथ मोटरसाइकिल पर किसी काम से झज्जर आने के लिए निकला था। जब वे कॉलेज से निकलकर शहर की ओर से आ रहे थे तो रास्ते में ट्रैक्टर-ट्राली ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों युवक जमीन पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद राहगीरों की सहायता से युवकों को उपचार के लिए निजी मेडिकल संस्थान ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने हिमांशु गुप्ता को मृत घोषित कर दिया जबकि तुषांत यादव का उपचार किया जा रहा है। मामले के जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतक के पिता उमेश गुप्ता की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### परिजनों ने की बगैर नंबर प्लेट वाले वाहनों की जांच की मांग

गिरावड़ रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हुए हिमांशु गुप्ता के परिजनों ने बताया कि जिस वाहन की टक्कर से हिमांशु की मौत हुई उस पर किसी प्रकार की कोई नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। ऐसे में पुलिस को भी वाहनों को ट्रेस करने में परेशानी उठानी पड़ती है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह अभियान चलाकर बगैर नंबर प्लेट लगे वाहनों की जांच करे तथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाए।

**सांखोल के सैन्य अधिकारी को अति विशिष्ट सेवा मेडल**

# मेजर जनरल विकास चौधरी को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ट्रेनिंग अकादमी में बतौर इंस्पेक्टर जनरल ट्रेनिंग अकादमी के पद पर दे रहे हैं सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मेजर जनरल विकास चौधरी को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

सांखोल मूल के भारतीय सेना के मेजर जनरल विकास चौधरी को उत्कृष्ट व विशिष्ट सेवाओं के लिए अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में वह राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ट्रेनिंग अकादमी में बतौर इंस्पेक्टर जनरल ट्रेनिंग अकादमी के पद पर सेवाएं दे रहे हैं।

मेजर जनरल विकास चौधरी ने वर्ष 1991 में इंडियन मिलिट्री अकादमी से पासिंग आउट के बाद राजपूताना राइफल्स बटालियन-3 में कमीशन प्राप्त किया था। तीन दशक से अधिक के सैन्य कॅरियर में उन्होंने सिक्किम, पंजाब, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह तथा भारत-चीन सीमा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। चीन में भारतीय दूतावास में डिफेंस अटैची के रूप में भी सेवाएं दीं और इसके अलावा पूर्वोत्तर भारत में एक इन्फ्रेंट्री ब्रिगेड की कमान संभाली। नेशनल डिफेंस कॉलेज का कोर्स पूरा करने के बाद उन्हें मेजर जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया और बाद में उन्हें एनएसजी ट्रेनिंग अकादमी का नेतृत्व सौंपा गया। मेजर जनरल विकास चौधरी को इससे पहले ऑपरेशनल क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए युद्ध सेवा मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में उन्हें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा विशिष्ट सैन्य सेवाओं के लिए अति विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान किया गया। उनके पिता कर्नल कृष्ण चौधरी भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके हैं, जबकि उनके भाई रिटायर्ड विंग कमांडर विशाल चौधरी भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त हैं।

### डीसी ने गणना प्रपत्र के डिजिटलाइजेशन कार्य की समीक्षा की

**झज्जर (हरिभूमि न्यूज)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में इन दिनों एसआईआर को लेकर गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटलाइजेशन का कार्य जारी है। वोटर लिस्ट त्रुटि रहित बनाने में राजनीतिक दलों का सहयोग जरूरी है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बीएलओ के सहयोग से इस कार्य को पूरा करवाने में सहयोगी बनें।

यह बात डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र के वितरण और संग्रहण कार्य के दौरान एएसडी लिस्ट का डाटाबेस तैयार किया जाए। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं होंगे, उनके संबंध में बीएलओ स्थानीय जांच के आधार पर संभावित कारण जैसे अनुपस्थिति, स्थानांतरण, मृत, डुप्लीकेट सूची तैयार करेगा। इस सूची पर बूथ लेवल अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट की बैठक आयोजित की जाएगी तथा सूची को संबंधित कार्यालयों के नोटिस बोर्ड एवं विभागीय वेबसाइट पर भी जारी किया जाएगा।

**पल-पल बदल रहा मौसम, मानसून की झमाझम बारिश का इंतजार**

# सुबह हल्की बारिश से मिली गर्मी से राहत दोपहर में उमस व तेज धूप से बढ़ी परेशानी

> अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार अलसुबह हुई हल्की बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। बारिश के चलते सुबह के समय तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। सुबह की ठंडी हवाओं और बादलों के कारण मौसम सुहावना बना रहा। लेकिन दोपहर बाद बादल छंटते ही धूप निकल आई, जिससे उमस बढ़ गई और लोगों को फिर गर्मी का एहसास हुआ। पसीने से तरबतर लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य करने में काफी परेशानी हुई। विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दो तीन दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने और हल्की बारिश होने की संभावना है। वीरवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अभी लोगों को मानसून की झमाझम बारिश होने का इंतजार है। संभावना जताई जा रही है कि आगामी दो से तीन दिन में झज्जर में भी मानसून दस्तक दे सकता है।



झज्जर। हल्की बारिश के बीच स्कूल जाते हुए विद्यार्थी।

### दो से तीन दिन में आ सकता है मानसून

**बहादुरगढ़।** आखिरकार आसमान से राहत की बूंदे गिरनी शुरू हो गई हैं। पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी से लोगों को मामूली राहत मिली है। वीरवार सुबह साढ़े 5 बजे आसमान पर काले बादल छा गए और बारिश होने लगी। मौसम विभाग की मानें तो यह प्री-मानसून की बारिश है। मानसून अगले 2-3 दिनों में बहादुरगढ़ में दस्तक दे सकता है। हल्की बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 3 या 4 जुलाई को मानसून बहादुरगढ़ में पहुंच सकता है। इसके बाद से तापमान में काफी गिरावट आ जाएगी।

**12वीं पास विद्यार्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि तीसरी बार बढ़ाई**

# स्नातक में दाखिले के लिए 12 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए आदि स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को तीसरी बार फिर बढ़ा दिया है। अब विद्यार्थी 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई थी, जिसे बढ़ाकर 15 जून किया गया। इसके बाद इसे दूसरी बार 30 जून तक बढ़ाया गया और अब 12 जुलाई तक बढ़ाया गया है। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाए जाने से उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा के भीतर अब तक आवेदन नहीं कर पाए। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थी बढ़ी हुई समयावधि का लाभ उठाते हुए जल्द से जल्द अपना आवेदन करें।



डॉ. अमित भारद्वाज

उन्होंने कहा कि संशोधित प्रवेश कार्यक्रम शीघ्र ही जारी किया जाएगा। इसमें मेरिट सूची, दस्तावेज सत्यापन, फीस जमा कराने तथा अन्य प्रवेश संबंधी गतिविधियों की नई तिथियों की घोषणा की जाएगी। विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा नोटिसों को नियमित रूप से देखते रहें ताकि वे किसी जानकारी से वंचित न रहें।

### संशोधित दाखिला प्रक्रिया जल्द होगी जारी : डॉ. शर्मा

बहादुरगढ़। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा जारी नवीनतम संशोधित अधिसूचना के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक प्रथम वर्ष पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 12 जुलाई कर दी गई है। संशोधित प्रवेश कार्यक्रम शीघ्र ही जारी किया जाएगा। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी तथा बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 12 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण करें। छात्राओं की सुविधा के लिए कॉलेज में निःशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण सहायता केंद्र, विषय चयन परामर्श, दस्तावेज संबंधी मार्गदर्शन तथा प्रवेश हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत संचालित चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम में डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स, माइनर कोर्स, मल्टीडिसिप्लिनरी कोर्स, एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स, वैल्यू एडेड कोर्स, इंटर्नशिप एवं रिसर्च प्रोजेक्ट जैसी रोजगारोन्मुखी शैक्षणिक व्यवस्थाएं शामिल हैं। मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट की सुविधा के अंतर्गत एक वर्ष पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र, दो वर्ष पर डिप्लोमा, तीन वर्ष पर स्नातक डिग्री तथा चार वर्ष पूर्ण करने पर ऑनर्स विद रिसर्च की उपाधि प्रदान की जाती है। नोडल अधिकारी सुजाता वर्मा ने छात्राओं एवं अभिभावकों से आग्रह किया कि वे 12 जुलाई से पहले ही ऑनलाइन पंजीकरण करवा लें।



डॉ. राजवंती शर्मा

# रोहद में सीएससी संचालक के साथ मारपीट व धमकी दी

- भाई व अन्य युवकों के साथ मिलकर गालियां भी दीं, एससी एसटी में भी केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव रोहद में कॉमन सर्विस सेंटर संचालक के साथ मारपीट किए जाने व धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। गांव के ही 2 भाइयों व उनके साथियों पर आरोप है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात दिनेश के साथ हुई है। दिनेश का कहना है कि गांव की चौपाल के पास वह एक सीएससी चला रहा है। बुधवार 1 जुलाई को गांव का निवासी एक युवक दुकान पर आया और कहने लगा कि या तो दुकान बंद कर दे, अन्यथा मैं ताला लगा दूंगा। कहासुनी के बाद वह युवक वहां से चला गया। थोड़ी देर बाद वह युवक अपने भाई व अन्य युवकों के साथ आया। दरवाजे को धक्का मारा और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया है। आसपास लोग इकट्ठे हुए तो हमलावर धमकी देकर भाग गए।

उधर, आसौदा थाना पुलिस ने एससी एसटी एक्ट, मारपीट व धमकी देने की धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है।

# जोश-जुनून से भरपूर रोमांचक खेल फुटबॉल

बच्चो, इन दिनों सबसे पॉपुलर खेलों में से एक फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से हो रहा है। 11 जून से शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप 19 जुलाई को समाप्त होगा। क्या तुम जानते हो कि फुटबॉल की शुरुआत कैसे हुई, यह वर्तमान स्वरूप में कैसे पहुंचा? यहां हम इनके बारे में तुम्हें बता रहे हैं। साथ ही फुटबॉल के महान खिलाड़ियों और इससे जुड़े कुछ रोचक फैक्ट्स के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

स्पोर्ट्स नॉलेज
शिखर चंद जैन




बच्चो, फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में एक है। इसे 'द ब्यूटीफुल गेम' भी कहा जाता है। अधिकतर देशों में लोग फुटबॉल बड़े चाव से खेलते हैं। इन दिनों फुटबॉल की चर्चा इसलिए भी हर तरफ हो रही है, क्योंकि बीते 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। अरबों लोग इस खेल टूर्नामेंट को टीवी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख रहे हैं। तुम भी अलग-अलग देशों की फुटबॉल टीमों के रोमांचक मुकाबले देख रहे होगे। हालांकि आज का आधुनिक फुटबॉल खेल हमेशा से ऐसा नहीं था। यह खेल हजारों वर्षों में कई बदलावों से गुजरकर अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचा है।

**प्राचीन काल में हुई शुरुआतः** फुटबॉल की शुरुआत लगभग 2,000 साल पहले चीन में खेले जाने वाले 'सु-जू' नामक खेल से मानी जाती है। इसमें खिलाड़ी चमड़े की गेंद को बांस के खंभों के बीच लगे जाल में पहुंचाने की कोशिश करते थे। इसके अलावा प्राचीन ग्रीस और रोम में भी गेंद से खेले जाने वाले कई खेल प्रचलित थे, जिन्हें आधुनिक फुटबॉल का शुरुआती रूप माना जाता है।


फुटबॉल जैसा खेल सु-जू

**ऐसे हुई वर्तमान स्वरूप की शुरुआतः** आधुनिक फुटबॉल की नींव इंग्लैंड में रखी गई। अक्टूबर 1863 को लंदन में फुटबॉल क्लबों की बैठक हुई, जहां पहली बार इस खेल के आधिकारिक नियम तैयार किए गए। इसी बैठक के बाद 'फुटबॉल एसोसिएशन' की स्थापना हुई। पहले खिलाड़ी हाथ और पैर दोनों से खेलते थे। लेकिन नए नियमों में तय किया गया कि गेंद को मुख्य रूप से पैरों से खेला जाएगा। यहीं से फुटबॉल खेल के वर्तमान स्वरूप की शुरुआत मानी जाती है। बाद में वर्ष 1904 में फीफा की स्थापना हुई, जो आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन और नियम तय करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

**फुटबॉल से जुड़े आविष्कारः** फुटबॉल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया, बल्कि यह समय के साथ विकसित हुआ। हालांकि कुछ लोगों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। चार्ल्स गुडईयर ने 1855 में पहली रबर की फुटबॉल तैयार की। इससे पहले गेंद जानवरों के ब्लैडर से बनाई जाती थी, जो ज्यादा टिकाऊ नहीं होती थी। फुटबॉल के शुरुआती नियमों और इस खेल की संरचना को विकसित-व्यवस्थित करने में इंग्लैंड के कई फुटबॉल क्लबों एवं इस खेल से जुड़े प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रॉबर्ट एबट ने फुटबॉल के गोल पोस्ट और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण नियमों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। *


## विश्व के महान फुटबॉल-प्लेयर्स



**पेलेः** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले को 'किंग ऑफ फुटबॉल' और 'ब्लैक पर्ल' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 1,000 से अधिक गोल किए। वे ब्राजील को तीन फीफा विश्व कप जिताने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं।



**डिएगो मैराडोनाः** अर्जेंटीना के खिलाड़ी डिएगो मैराडोना भी एक महान फुटबॉलर थे। उनका 'सदी का सबसे शानदार गोल' आज भी याद किया जाता है। फुटबॉल खेलने के दौरान उनकी ड्रिबलिंग अद्भुत थी।



**लियोनेल मेसीः** मेसी को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स बनाए। 2022 में अर्जेंटीना को फुटबॉल विश्व कप जिताने में मेसी का महत्वपूर्ण योगदान था।



**क्रिस्टियानो रोनाल्डोः** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी फिटनेस, रफ्तार और हवा में ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारने के लिए मशहूर हैं। वे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।



**जिनेदिन जिदानः** फ्रांस के महान मिडफील्डर जिनेदिन जिदान अपनी शानदार तकनीक, बेहतरीन पासिंग और खेल की समझ के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। इन्हें 'मैदान का जादूगर' कहा जाता था।

## इंट्रेस्टिंग फैक्ट्स और रिकॉर्ड्स


फुटबॉलर हाकन शुकुर (व्हाइट जर्सी में)

**सबसे तेज गोलः** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड तुर्की के हाकन शुकुर के नाम है। 2002 फीफा विश्व कप में तुर्की के हाकन शुकुर ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच शुरू होने के सिर्फ 10.8 सेकेंड बाद गोल कर इतिहास रच दिया।
**सबसे ज्यादा बार वर्ल्ड कप विजेताः** ब्राजील ने अब तक सबसे ज्यादा 5 बार फीफा विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।
**सबसे ज्यादा दर्शकः** 1950 विश्व कप के ब्राजील और उरुग्वे के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को रियो डी जेनेरियो के माराकाना स्टेडियम में अब तक के सबसे ज्यादा लगभग दो लाख दर्शकों ने प्रत्यक्ष देखा था।



छोटी कहानी
रवि प्रकाश

# किताब का जादू

कबीर कक्षा सात का एक ऐसा छात्र था, जिसे लोग 'नोटिस' ही नहीं करते थे। वह न पढ़ाई में सबसे आगे था, न खेलकूद में। उसे लगता- इस बड़े से स्कूल की भीड़ में वह एक खोया हुआ बच्चा है। जब शिक्षक कोई सवाल पूछते, जवाब पता होते हुए भी कबीर अपना हाथ नहीं उठाता। उसे डर लगता था कि कहीं सब बच्चे उस पर हंस न दें।

एक दिन बाहर मूसलाधार बारिश हो रही थी। खेल का मैदान पानी से लबालब भरा था। कबीर स्कूल के पुस्तकालय के एक शांत कोने में जाकर बैठ गया। खिड़की पर बूंदें 'टप-टप' गिर रही थीं। अंदर पुरानी किताबों की एक सोंधी-सी महक फैली थी।

तभी उसकी नजर रैक के सबसे नीचे दबी एक फटी जिल्द वाली किताब पर पड़ी। उसने उसे बाहर निकाला। किताब का शीर्षक था- 'हौसलों की उड़ानः जिन्होंने दुनिया बदल दी।'

कबीर ने किताब पढ़ना शुरू किया। उसने पढ़ा कि महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन को बचपन में 'मंदबुद्धि' कहकर स्कूल से निकाल दिया गया था। कबीर ने इस किताब में यह भी पढ़ा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक नहीं दर्जनों बार चुनाव हारे थे। किताब के बीचों-बीच एक अनमोल वचन लिखा था- 'सूरज की तरह चमकने के लिए, पहले उसकी तरह जलना पड़ता है।' इस एक कथन ने कबीर के भीतर जैसे आत्मविश्वास का कोई सोता खोल दिया। उसे समझ में आ गया- प्रतिभा जन्म से नहीं, जिज्ञासा और मेहनत से आती है। उसने वह किताब पुस्तकालय से जारी करवाई और किसी खजाने की तरह संभालकर घर ले गया।

अब उसका खाली समय फोन या टीवी पर नहीं, प्रयोग करने में बीतने लगा। उसने अपने गांव का गंदा तालाब देखा और एक 'कम लागत वाला जल शोधक' (लो कॉस्ट वाटर फिल्टर) बनाने की ठान ली। घर के स्टोर रूम से पाइप, कोयला, कंकड़ और रेत इकट्ठा किया। कई बार पानी साफ नहीं हुआ। कई बार पाइप टूट गया और कमरे में कीचड़ फैल गया, लेकिन कबीर हारा नहीं, रुका नहीं। जब तब वह इस जादुई किताब के पन्ने पलटते रहता। बहुत कुछ जानता-सीखता। इनके आधार पर प्रयोग करता।



एआई इमेज

विज्ञान प्रदर्शनी के दिन कबीर का स्टाल सबसे पीछे था। बड़े-बड़े स्कूलों के बच्चे अपने महंगे-महंगे साइंटिफिक मॉडल लेकर आए थे। लेकिन जब निर्णायकों ने कबीर के साधारण से फिल्टर से गंदे नाले का पानी कांच जैसा साफ होते देखा-वे दंग रह गए।

जब बेस्ट इनोवेटर का पुरस्कार कबीर के नाम घोषित हुआ, तो मंच पर जाते समय उसका सिर गर्व से ऊंचा था। प्रिंसिपल ने पूछा, 'कबीर, यह प्रेरणा तुम्हें कहां से मिली?'

कबीर मुस्कुराया और बोला, 'सर, मुझे एक जादू की छड़ी मिल गई थी, जो पुस्तकालय की अलमारी में बरसों से मेरा इंतजार कर रही थी, उसी से कुछ कर दिखाने की प्रेरणा मिली।'

***सीखः** अच्छी किताबें केवल छपे अक्षर नहीं होतीं, वे बंद मस्तिष्क के ताले खोलने की चाबियां होती हैं। एक सही किताब हमारी जिंदगी की दिशा बदल देती है।* *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

# सरल-सरस-मनोरंजक बाल कविताएं

कविताएं केवल मनोरंजन ही नहीं करें, गुदगुदाएं भी तो कहने क्या! कुछ इसी तरह का आनंद तुम्हें बाल साहित्यकार डॉ. सुरेश अवस्थी द्वारा रचित बाल कविताओं का संकलन 'बच्चों की फुलवारी' पढ़कर मिलेगा। इस संकलन में छोटी-बड़ी कुल 22 रोचक-मनोरंजक कविताएं हैं। संकलन की पहली कविता 'चूहे' बड़ी मजेदार है, इसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे घर में उधम मचाते हुए चूहे पानी से भरे घड़े में गिर जाते हैं, पापाजी की अलमारी से नोट उड़ा ले जाते हैं, लेकिन बिल्ली को आता हुआ देखकर अपनी जान बचाते हुए भागकर बिल में छिप जाते हैं। एक कविता में तुम पढ़ोगे कि बंदर मामा नकली पंडित बनकर ब्याह कराने तो बड़े मजे से आते हैं, लेकिन मंत्र न पढ़ पाने के कारण उन्हें हंसी का पात्र बनकर भागना पड़ता है। 'जलेबी' कविता में तो जलेबी को अन्य कई मिठाइयों की रिश्तेदार बताया गया है। उसे इमरती की बहन, रसगुल्ले की चाची, काला जाम की बुआ बताते हुए नरम-रसभरी कहा गया है। 'मेला' कविता में रंग-बिरंगे गुब्बारे हैं, लड्डू-पेड़ा है, झूलों और खेल-खिलौनों का संसार है। 'बूढ़ी दादी' कविता में एक बच्चा पहले दादी से पके बाल, पिचके गाल और दांत न होने की बातें पूछता है फिर बड़े प्यार से 'करवा दो तुम मेरी शादी, बूढ़ी दादी-बूढ़ी दादी' कहकर कविता में रस घोल देता है। 'मेरी कलम', 'आई रेल', 'गुड़िया की ससुराल', 'रोज सवेरे', 'तितली' और 'छम-छम नाचे वर्षा रानी' जैसी कविताएं इतनी सरल हैं कि पढ़ते-पढ़ते ही तुम्हें याद हो जाएंगी। कौआ और लोमड़ी की कहानी को भी कवि ने कविता में ढालकर फिर से कौए को मूर्ख और लोमड़ी को चालाक बताया है। 'हमारा स्कूल', 'लट्टू' और 'मेरा घोड़ा' जैसी संग्रह की छोटी-छोटी कविताएं भी बहुत प्यारी हैं। *




**किताबः** बच्चों की फुलवारी (बाल कविता संग्रह), **लेखकः** डॉ. सुरेश अवस्थी, **मूल्यः** 75 रुपए, **प्रकाशकः** ईरा पब्लिशर्स, कानपुर

## जीके क्विज-212

1. फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?
3. हाल ही में किसे एक बार फिर से भारत का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है?
4. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
5. भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. सहारा मरुस्थल किस महाद्वीप में स्थित है?
7. यूक्रेन की राजधानी कहां है?
8. भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहां स्थित है?
9. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (ग्लैंड)कौन-सी है?
10. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?



बच्चों, जीके क्विज-212 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-211 का उत्तर :** 1.बिहू पेपा, 2.स्मृति मंधाना, 3.ओम बिरला, 4.फुटबॉल, 5.मुंबई, 6. 5 वर्ष, 7.पोखरण (राजस्थान), 8.बहादुर शाह 'जफर', 9.सिक्किम, 10.जापान


**जीके क्विज-211 का सही उत्तर देने वाले :** संकेत-रायपुर, सुगंधा-बिलासपुर, कृष्णा-रोहतक, भारती-दुर्ग, जिया शिया-रायगढ़, कबीर-हिसार, अभिनीत-ईमेल से, सुमन-महासमुंद, कुशाग्र-दुर्ग, हर्षित-बलौदा बाजार, शिवम-रोहतक



कहानी
संजीव जायसवाल 'संजय'

# रहस्यमयी ढोल

कमलापुर गांव में एक बहुत पुराना विशाल बरगद का वृक्ष था। एक दिन अचानक इस वृक्ष से ढोल की आवाजें आने लगीं। गांव वाले दहशत में आ गए कि बरगद के वृक्ष पर जिन्नों का डेरा हो गया है, वही ढोल बजाते हैं। लेकिन मुकुल को यह बात बड़ी अजीब-सी लगी। उसने इस रहस्य का सच सामने लाकर दम लिया।


एआई इमेज

कमलापुर गांव के बाहरी हिस्से में एक बहुत विशाल और पुराना बरगद का वृक्ष था। गांव के लोग उसे एक पवित्र वृक्ष मानते थे। इस वृक्ष के नीचे अपने धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य किया करते थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उस वृक्ष को लेकर पूरे गांव में अफवाह फैल गई थी कि वृक्ष पर जिन्न रहने लगे हैं। लोगों ने डर के मारे उस तरफ जाना ही छोड़ दिया।

हुआ यह था कि एक रात गांव में बहुत तेज आंधी आई, इस आंधी में अचानक बरगद के वृक्ष की ओर से जोर-जोर से ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। अगले दिन पूरे गांव में अफवाह फैल गई कि रात में उस वृक्ष पर 'जिन्नों' का कब्जा हो गया है। वे रात में ढोल बजाकर नाच रहे थे, इसीलिए भयंकर आंधी आई थी।

अगली रात कुछ किसान खेतों में रखवाली कर रहे थे कि अचानक फिर ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। किसान घबराकर घर भाग आए। अब तो जितने मुंह उतनी बातें। लोगों ने डर के कारण उधर बरगद के वृक्ष के पास जाना छोड़ दिया। गांव के बच्चे डर के मारे शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे।

उसी गांव में चौदह साल का मुकुल रहता था। मुकुल को विज्ञान की किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। वह हर बात के पीछे का कारण जानने की कोशिश करता था। उसे 'जिन्न' वाली बात पर बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ। उसने अपने विज्ञान के शिक्षक से सीखा था कि भूत-प्रेत-जिन्न सिर्फ भ्रम और अंधविश्वास होते हैं, असलियत में इनका कोई वजूद नहीं होता।

एक दिन वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी राजू ने बताया, 'गांव के लोग वहां एक विशाल यज्ञ करवाने की सोच रहे हैं, ताकि उन जिन्नों को भगाया जा सके।'

'यह तो सरासर अंधविश्वास है, पैसों की बर्बादी भी! जब भूत-प्रेत और जिन्न होते ही नहीं, तो उन्हें भगाने के लिए यज्ञ कैसा? हम सब विज्ञान के छात्र हैं, हमें ऐसी दकियानूसी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।' मुकुल अपनी बात पर जोर देते हुए बोला।

'अगर जिन्न नहीं होते, तो फिर रात के सन्नाटे में ढोल कौन बजाता है?' पिंटू ने उसकी बात काटते हुए पूछा।

'अगर तुम लोग मेरा साथ दो, तो आज रात इस रहस्य का पता लगाया जा सकता है।' मुकुल बोला।

पहले तो राजू और पिंटू डर के मारे तैयार नहीं हुए, लेकिन मुकुल के हौसला बढ़ाने पर वे सब शाम को अंधेरा होने पर बरगद के वृक्ष की ओर चल दिए। चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था। अचानक मौसम बदला और तेज हवा चलने लगी। इसी के साथ बरगद के पेड़ से 'ढम-ढम ढमाक-ढम' की डरावनी आवाजें गूंजने लगीं।

'भागो! जिन्न आ गए!' राजू और पिंटू डर कर भागने लगे।


लेकिन मुकुल अपनी जगह पर खड़ा रहा। उसने राजू और पिंटू को रोका। मुकुल ने अपनी टॉर्च की रोशनी को बरगद की ऊंची डालियों की तरफ घुमाया। वहां का नजारा देख वह खिलखिलाकर हंस पड़ा फिर आवाज लगाई, 'दोस्तों! भागो मत, मैंने जिन्न को पकड़ लिया है!'

राजू और पिंटू ने सहमते हुए मुकुल की तरफ देखा। बरगद की एक मोटी और झुकी हुई डाल के बीच में एक बड़ा-सा ढोल फंसा हुआ था। जब-जब तेज हवा चलती, तो बरगद की एक दूसरी सूखी और भारी टहनी हवा के दबाव से उस ढोल से टकरातीं, जिससे 'ढम-ढम' की आवाज आ रही थी। दिन के शोर-शराबे में यह आवाज दूर तक नहीं जाती थी, लेकिन रात के सन्नाटे में बहुत भयानक लग रही थी।

मुकुल ने पास पड़ी एक लंबी लकड़ी की मदद से उस ढोल को डाल से नीचे गिरा दिया। उसे रोकने के लिए कोई जिन्न सामने नहीं आया। जिन्न का रहस्य तो खुल गया, लेकिन अब बड़ा सवाल यह था कि आखिर यह ढोल इतनी ऊंची डाल पर पहुंचा कैसे?

मुकुल ने जब ढोल को उलट-पुलट कर देखा। उस पर लाल रंग से लिखा था 'गोपाल कीर्तन मंडली, गांव-लक्ष्मीनगर' और नीचे एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मुकुल ने तुरंत अपनी जेब से मोबाइल निकाला और उस नंबर पर फोन लगा दिया। फोन लक्ष्मीनगर के गोपाल जी ने उठाया। मुकुल ने जब उनसे बरगद के पेड़ वाले ढोल के बारे में पूछा, तो गोपाल जी चौंक गए और फिर राहत की सांस लेते हुए बोले, 'बेटा! बहुत-बहुत धन्यवाद। पांच दिन पहले हम सपरिवार उसी पेड़ के नीचे अपने पोते का मुंडन कराने आए थे। वहां हमने भजन-कीर्तन भी किया था। कीर्तन के बाद जब सब खाना खाने बैठे, तो छोटे बच्चे ढोल को जोर-जोर से पीटकर ऊधम मचाने लगे। ढोल कहीं फट न जाए, इसलिए एक रिश्तेदार ने उसे ऊपर बरगद के वृक्ष की एक ऊंची डाल के बीच में छिपाकर टांग दिया था। शाम को लौटते समय हम लोग ढोल वहीं भूल आए थे। कल आकर उसे ले लूंगा।' जिन्न का रहस्य खुल चुका था। पिंटू ने उस ढोल को अपने गले में टांग लिया और उसे जोर-जोर से बजाते हुए तीनों दोस्त गांव की ओर लौट पड़े। ढोल की आवाजें करीब आती देख गांव वाले बुरी तरह से घबरा गए, लेकिन बाद में असलियत जान सभी ने राहत की सांस ली और अपने आप पर हंसे भी। मुकुल की बुद्धिमानी ने गांव वालों के अंधविश्वास को दूर कर दिया था। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



# पहलवान

सब मेवे कर गए सफाचट,
और दूध पी गए फटाफट।
दांव-पेंच सब इनको आते,
भांति-भांति के हाथ दिखाते।
मुग्दर-दंड उठाए अब तक,
लगा रहे अब उठक-बैठक।
ये शौकीन बड़े कुश्ती के,
सच में हैं पुतले चुस्ती के।
पहलवान इनसे थर्राते,
लड़ने जल्दी पास न आते।
जीत चुके हैं दंगल सारे,
कल के गामा यही हमारे।

## रंग भरो-205

**रंग भरो-205** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आशुतोष, उमरिया


आशना, जांजगीर


दिशा, बिलासपुर


यतिका, कोरबा


साक्षी, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रगति-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रेणुका-बिलासपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, शुभम-रायगढ़, अर्पित-कोरबा, सना-बलौदा बाजार, आशुतोष-दुर्ग, कुसुम-हिसार

## रंग भरो 206



बच्चो, यहां दिए गए सुंदर से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## सफाई कर्मचारियों ने किया झाड़ू प्रदर्शन, लंबित मांगों को पूरा करने की आवाज उठाई

# मई में 14 दिन हड़ताल के बाद बनी थी 17 मांगों पर सहमति, पत्र जारी नहीं करने से नाराजगी




**बहादुरगढ़।** शहर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** आंबेडकर चौक पर झाड़ू प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर वीरवार को सफाई कर्मचारियों ने लगातार दूसरे दिन झाड़ू प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन की शुरुआत सुबह झज्जर रोड स्थित राव तुलाराम पार्क से हुई। कर्मचारी झाड़ू लेकर मेन बाजार से होते हुए लाल चौक पर पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की, जबकि मंच संचालन सचिव अमित ने किया। कार्यक्रम में राज्य संगठनकर्ता राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र तुषामड़ सहित नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि 1 से 14 मई तक चली हड़ताल के दौरान सरकार और कर्मचारी नेताओं के बीच 22 में से 17 मांगों पर सहमति बनी थी। सरकार ने 30 जून तक संबंधित आदेश जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कर्मचारियों के हित में कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सहमति के अनुसार जल्द आदेश जारी नहीं किए गए तो पूरे हरियाणा में दोबारा आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

*सरकार ने कर्मचारियों को 30 जून तक संबंधित आदेश जारी करने का आश्वासन दिया था*

### कर्मचारियों को न्यूनतम 15220 रुपये वेतन देने और तेल साबुन की सुविधा देने की मानी थी मांग

**झज्जर।** वीरवार को भी नप के सफाई कर्मचारियों द्वारा लंबित मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन झाड़ू प्रदर्शन किया गया। कर्मचारी सुबह करीब ग्यारह बजे यादव धर्मशाला चौक पर एकत्रित हुए वहां से वे हाथों में उल्टी झाड़ू उठाए जुलूस की शक्ल में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अंबेडकर चौक तक पहुंचे। नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चांवरिया ने बताया कि बीती 13 मई को उनके संघ व सरकार के बीच में समझौता हुआ था कि 30 जून तक तेरह हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा। ठेका प्रथा बंद की जाएगी। ठेके में लगे हुए कर्मचारियों का वेतन 15220 रुपए दिया जाएगा और तेल साबुन की सुविधा दी जाएगी सहित अन्य मांगें पूरी की जाएगी। लेकिन 30 जून बीत जाने के बाद भी सरकार ने अभी तक कोई पत्र जारी नहीं किया जिस कारण कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो अगस्त माह में हड़ताल करेंगे जिसे मांगें पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा। इस मौके पर इकाई सचिव विकास, ऑडिटर कृष्ण, जिला सचिव गौरव, सुरेश, रविंद्र, विक्रम, नवीन, सविता, अंजू, दया, रानी, विद्या देवी, शीतल, कमलेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# 130 जवानों ने परेड व वेपन हैंडलिंग परीक्षा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ सक्षम अनुसंधानकर्ता बनने के लिए कानूनी ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक दक्षता और व्यावहारिक ज्ञान जरूरी : पुलिस कमिश्नर

जिला पुलिस विभाग में अनुसंधानकर्ता बनने की प्रक्रिया के तहत बी-वन विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 130 पुलिस जवानों की वीरवार पुलिस लाइन परिसर में परेड एवं वेपन हैंडलिंग परीक्षा आयोजित की गई। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह और उनके द्वारा गठित विशेष समिति पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैजल खान तथा एसीपी शमशेर सिंह शामिल रहे। समिति ने सभी जवानों की परेड, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं वेपन हैंडलिंग कौशल का परीक्षण किया। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि एक सक्षम अनुसंधानकर्ता बनने के लिए कानूनी ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन, शारीरिक दक्षता और हथियारों के सुरक्षित संचालन का व्यावहारिक ज्ञान आवश्यक है। बी-वन परीक्षा एवं यह परीक्षण पूर्ण करने वाले जवानों को आगामी चरण में हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में अनुसंधान एवं अन्य व्यावसायिक विषयों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।



## समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं जनसमस्याएं



**झज्जर।** समाधान शिविर में जन सुनवाई करतीं डीसी वर्षा खांगवाल।

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी वर्षा खांगवाल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है ताकि लोगों को मौके पर राहत मिल सके। समाधान शिविर में राजस्व विभाग, परिवार पहचान पत्र, जनस्वास्थ्य विभाग, पुलिस, बिजली निगम इत्यादि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

# एसडीएम ने अपडेटिड रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

*शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें अधिकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी



**झज्जर।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

वीरवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग शिकायतों के निस्तारण की अपडेटिड रिपोर्ट भी समय-समय पर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माना जाएगा। इस दौरान शिविर में लोगों ने अलग अलग शिकायतें रखीं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनता और सरकार के बीच की महत्वपूण कड़ी है। ये शिविर सप्ताह में दो दिन लगाए जाते हैं।



**बहादुरगढ़।** डंपिंग स्टेशन पर पड़े कूड़े के ढेर को दिखाते जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### नया गांव और सौलधा के बीच नप के डंपिंग स्टेशन का कूड़ा बना परेशानी

**बहादुरगढ़।** नया गांव व सौलधा के बीच स्थित नगर परिषद के डंपिंग स्टेशन पर जमा हुए हजारों टन कचरे से उठने वाली असहनीय बदूब के चलते आसपास रहने वाले लोगों का जीवन दुश्वार हो गया है। भाजपा नेता जसबीर सैनी व राजेंद्र सैनी के अनुसार लोगों को वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया। उन्होंने डंपिंग स्टेशन को रिहायशी आबादी क्षेत्र से दूर शिफ्ट करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार कचरे में आग लगने की वजह से जहरीला धुआं और बदबू भी क्षेत्र में फैल जाती है।

*दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया*

# जागरूकता कार्यक्रम लोगों में नई ऊर्जा का करेगा संचार: उपायुक्त

*11 को पंचकूला में राज्य स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन होगा: डीसी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर




**झज्जर।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के मद्देनजर बैठक लेते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत आयोजित जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को नशे की बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित हरियाणा उदय आउटरीच अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम लोगों में नई ऊर्जा का संचार करने में सहभागी बनेगा। कार्यक्रम की तैयारियों एवं जिलों से व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक की। वीसी उपरांत डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि आगामी 11 जुलाई को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संगठनों, गैर-सरकारी संस्थाओं, मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में जिला से भी उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी।

## एक कॉल और खाते से निकले 50 हजार रुपये

*ओमैक्स सिटी का युवक बना ठगों का शिकार*

**रोहतक।** शहर की ओमैक्स सिटी निवासी एक युवक साइबर ठगों का शिकार हो गया। अज्ञात साइबर अपराधियों ने उसके क्रेडिट कार्ड से पांच अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर कुल 50,508 रुपये निकाल लिए। घटना का पता मोबाइल पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आने के बाद चला। पीड़ित ने तुरंत अपना कार्ड ब्लॉक कराया और मामले की शिकायत पुलिस को दी।

आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में ओमैक्स सिटी निवासी दिनेश ने बताया कि 15 जून को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से लगातार कॉल आ रही थीं। इसी दौरान उसके आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से पांच बार में कुल 50,508 रुपये की राशि निकाल ली गई। जब फोन पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आए, तब उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क कर क्रेडिट कार्ड बंद कराया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी का कहना है कि कॉल डिटेल, बैंक ट्रांजेक्शन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कलानौर में पहले कार से स्कूटी उड़ाई, फिर टॉयलेट में छिपे युवक पर कट्टे से किया फायर

*दिनदहाड़े फिल्मी स्टाइल में किया हमला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कलानौर क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर वार्ड-4 के काली कमली मंदिर चौक पर कुछ मिनटों तक ऐसा घटनाक्रम चला, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी।

तेज रफ्तार कार ने पहले स्कूटी को टक्कर मारकर दो युवकों को सड़क पर गिराया, फिर चार हमलावर लाठी-डंडे लेकर टूट पड़े। जान बचाने के लिए एक युवक नगरपालिका के सार्वजनिक शौचालय में घुसकर अंदर से बंद हो गया, लेकिन हमलावर यहीं नहीं रुके। आरोप है कि एक बदमाश ने देसी कट्टे से शौचालय के लोहे के दरवाजे पर फायर कर दिया। गोली दरवाजा चीरते हुए युवक के हाथ को छूकर निकल गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।





**दोनों पर लाठी-डंडों से हमला**

वार्ड-4 निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त मनोज के साथ स्कूटी पर घर लौट रहा था। काली कमली मंदिर चौक के पास पहुंचते ही सामने से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। आरोप है कि कार से चार युवक उतरे और बिना कुछ कहे दोनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान मोहित किसी तरह जान बचाकर पास स्थित नगरपालिका के सार्वजनिक शौचालय में घुस गया और अंदर से कुंडी लगा ली।

### सांघी में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** सांघी गांव में खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से सामान चोरी हो गया। गांव के राकेश की शिकायत पर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया है। राकेश ने बताया कि उसके और पड़ोसी रघुवीर पुत्र पूर्ण के खेत में ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन है। सुबह वह और रघुबीर का बेटा बंटू खेत पहुंचे तो ट्रांसफार्मर पोल से नीचे गिरा मिला और उसका सारा सामान गायब था। पुलिस ने विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

मैं, जंग शेर पुत्र श्री अजित सिंह पुत्र श्री सूरत निवासी गांव खरमान, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पुत्र अंकित व रोकी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में अंकित और रोकी के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। अंकित तथा रोकी अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संतोष देवी (पत्नी), दीपक सैनी (पुत्र), संजीव सैनी (पुत्र), रेखा (पुत्री) स्व. मुंशीराम निवासी लंबी गली जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3B2AP2H2 वार्ड नंबर-16/907 कॉलोनी जटवाड़ा, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में मुंशीराम के नाम से दर्ज है। मुंशीराम की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर-3B2AP2H2 वार्ड नंबर-16/907 कॉलोनी जटवाड़ा पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा, इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह संपति-3B2AP2H2/71 वर्ग गज संतोष देवी (पत्नी), दीपक सैनी (पुत्र), संजीव सैनी (पुत्र), रेखा (पुत्री) स्व. मुंशीराम के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़

**उम्मीद** परीक्षण सफल रहने पर जल्द यात्रियों के लिए हो सकती है शुरू

# रोहतक-जींद रेलखंड पर 115 किमी प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का रोहतक-जींद रेलखंड पर ट्रायल किया गया। परीक्षण के दौरान ट्रेन को करीब 115 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रायल का उद्देश्य ट्रेन की गति, सुरक्षा, तकनीकी क्षमता और परिचालन प्रणाली का परीक्षण करना है। ट्रायल के दौरान रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञों और अधिकारियों की टीम ने ट्रेन के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखी।



### ट्रेन पर्यावरण हितैषी

हाइड्रोजन से संचालित ट्रेनें पारंपरिक डीजल ट्रेनों की तुलना में अधिक पर्यावरण हितैषी मानी जाती हैं। इनमें ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का उपयोग होता है, जिससे प्रदूषण में कमी आती है और कार्बन उत्सर्जन लगभग नगण्य रहता है। यही कारण है कि भारतीय रेलवे भी इस तकनीक पर तेजी से काम कर रहा है।

### गति, ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की कार्यक्षमता, ट्रैक पर स्थिरता का किया परीक्षण

ट्रायल के दौरान ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की कार्यक्षमता, ट्रैक पर स्थिरता तथा अन्य तकनीकी पहलुओं का परीक्षण किया गया। प्राप्त तकनीकी आंकड़ों का परीक्षण किया जाएगा। सभी मानकों पर ट्रेन के सफल पाए जाने के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी कर इसे नियमित संचालन के लिए तैयार किया जाएगा। हाइड्रोजन ट्रेन का सफल संचालन भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे देश में स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ रेल परिवहन को नई गति मिलेगी।आने वाले समय में हाइड्रोजन ट्रेन को नियमित रूप से यात्रियों के लिए संचालित किया जा सकता है। इसके शुरू होने से रोहतक और जींद के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

-**बलराम मीणा,** स्टेशन अधीक्षक, रेलवे स्टेशन

# पूर्व बार प्रधान लोकेंद्र फौगाट की अग्रिम जमानत पर फैसला आज

*धोखाधड़ी के आरोप में आर्य नगर थाना में दर्ज है मुकदमा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान लोकेंद्र फौगाट की अग्रिम जमानत पर बृहस्पतिवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसला शुक्रवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। प्रधान लोकेंद्र फौगाट की तरफ से अदालत में अधिवक्ता जितेंद्र हुड्डा ने पैरवी की। मामला आर्य नगर थाना में दर्ज धोखाधड़ी के केस से जुड़ा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ता दीपक हुड्डा, प्रधान जिला बार एसोसिएशन रोहतक, द्वारा इस संबंध में विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में बार एसोसिएशन के वित्तीय लेन-देन में गंभीर अनियमितताओं, रिकॉर्ड में कथित फेरबदल, वित्तीय प्रक्रियाओं की अनदेखी तथा बड़ी धनराशि के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए यह प्रकरण पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा, जहां माननीय न्यायालय ने 2026 में पुलिस अधीक्षक, रोहतक को शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उचित आदेश पारित करने के निर्देश दिए

### पुलिस जांच में कई गंभीर वित्तीय एवं अनियमितताएं उजागर हुई

हाईकोर्ट के आदेशों एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के पश्चात मामले की विस्तृत जांच करवाई गई। जांच के दौरान ऑडिट रिपोर्ट, बैंक लेजर, भुगतान रिकॉर्ड, चेक विवरण, बिल एवं अन्य वित्तीय दस्तावेजों का तकनीकी एवं तथ्यात्मक परीक्षण किया गया।

पुलिस जांच में कई गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच के बाद थाना आर्य नगर, रोहतक में धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आर्य नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## स्कूटी की चपेट में आने से बच्ची घायल

**बहादुरगढ़।** गांव इस्सरहेड़ी में स्कूटी की चपेट में आने से साइकिल सवार बच्ची घायल हो गया। दुर्घटना में बच्ची को काफी चोट आई। उसे पहले राव तुलाराम अस्पताल ले जाया गया। जहां से रेफर कर दी गई। फिलहाल पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन है। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस पीजीआई रोहतक पहुंची और बच्ची के पिता के बयान लिए। पिता सूरज प्रकाश ने हादसे के लिए स्कूटी चालक को जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सट्टा खाईवाली के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना पुलिस ने अवैध सट्टा खाईवाली के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि विकास नगर की एक गली में स्थित एक मकान में कुछ लोग अवैध रूप से सट्टा खाईवाली का कारोबार चला रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की और तीनों आरोपियों को रंगे हाथों काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित, अनिल और विशाल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 3,190 रुपये की नकदी और सट्टा संबंधी पर्चियां बरामद की गईं। बरामद सामग्री को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। तीनों आरोपियों के खिलाफ लाइनपार थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### लोगों ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की

## नहर में छोड़ा जा रहा दूषित पानी

# पेयजल व सिंचाई के स्त्रोत को किया जा रहा प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-13 के बीच से गुजर रही नहर में कथित रूप से दूषित पानी छोड़ा जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नया गांव की ओर से पाइपलाइन के माध्यम से गंदा पानी लाकर सीधे नहर में डाला जा रहा है। इस घटना से आसपास के लोगों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि जिस नहर का पानी सिंचाई और अन्य उपयोगों के लिए महत्वपूर्ण है, उसे लगातार प्रदूषित किया जा रहा है।

दरअसल, गांव से लेकर शहर से निकलने वाला गंदा पानी पाइपों के माध्यम से नहरों में डाला जा रहा है। इस कारण नहरों का पानी पूरी तरह दूषित होता जा रहा है। इसे पीने से जहां बीमारियों में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं सिंचाई में प्रयोग होने के कारण मृदा की सेहत भी बिगड़ रही है। हालांकि इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले सेक्टर-6 और सेक्टर-7 के निकट भी इसी प्रकार नालों या पाइपों के माध्यम से दूषित पानी नहर में छोड़ा जाता रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो नहर का पानी पूरी तरह प्रदूषित हो सकता है, जिससे किसानों के साथ-साथ आम लोगों पर भी असर पड़ेगा।

सिटी पल्स



बहादुरगढ़। सेक्टर-13 में नहर में डाला जा रहा दूषित जल।

### नियमित निरीक्षण से रोकी जाए प्रदूषण समस्या


अधिवक्ता सौरभ डागर के अनुसार ऐसी स्थिति में जल



प्रदूषण के साथ-साथ पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। घरों से निकलने वाला कम्युनिटी वेस्ट इस तरह पानी के जरिए खेतों तक पहुंच ही जाता है। उसके साथ हैवी मेटल्स, हानिकारक केमिकल्स, बैक्टीरिया और फंगस भी खेतों की मिट्टी में पहुंच जाते हैं। भविष्य में ऐसी घटनाओं की निगरानी के लिए नियमित निरीक्षण किया जाए।

### दूषित पानी से फसलें हो रही प्रभावित

कर्नल अनिल जून का कहना है कि दूषित पानी से खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है और फसलों को नुकसान पहुंचता है। यह नागरिकों की सेहत के लिए खतरनाक है। प्रशासन, सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। नहर में सीवरेज या दूषित पानी के प्रवेश पर स्थायी रोक लगाने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए।



### दूषित पानी से बीमारियों का खतरा

डॉ. अजय जैन के अनुसार यह देखना चाहिए कि नहर में छोड़ा जा रहा पानी कहां से आ रहा है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसा पानी पीने या उपयोग करने से हैजा, उल्टी, डायरिया और पेट के संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। केमिकल युक्त पानी के लगातार इस्तेमाल से कैंसर और त्वचा संबंधी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है।



# घरेलू क्रिकेट में धाक जमा रहा टांडाहेड़ी का लक्ष्य दलाल

- पटौदी ट्रॉफी के पहले ही मुकाबले में खेली 158 रनों की कप्तानी पारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डोमेस्टिक क्रिकेट में लगातार उम्दा प्रदर्शन कर रहे टांडाहेड़ी के लक्ष्य दलाल ने पटौदी ट्रॉफी में भी शानदार शुरुआत की है। हांसी के खिलाफ 111 गेंदों में 158 रनों की ताबड़तोड़ कप्तानी पारी खेलकर लक्ष्य ने झज्जर को जीत दिलाई। बीते दिनों ही लक्ष्य ने महेंद्रा कप में 23 गेंदों में शतक लगाया था। लक्ष्य का सपना राष्ट्रीय टीम में शामिल होकर देश के लिए खेलना है।

करीब 28 वर्षीय लक्ष्य दलाल बहादुरगढ़ के गांव टांडाहेड़ी से है। बचपन में गली में क्रिकेट खेलकर लक्ष्य ने शुरुआत की थी और अब अपने प्रदर्शन के बल पर इंटरनेशनल क्रिकेट का दरवाजा खटखटा रहा है। फिलहाल लक्ष्य 1 जुलाई से शुरू हुई पटौदी ट्रॉफी में झज्जर की कप्तानी कर रहा है। बहादुरगढ़ के सेक्टर-9ए स्थित क्रिकेट ग्राउंड में हुए पहले ही मैच में कप्तान लक्ष्य ने ओपनिंग करते हुए 111 गेंदों में ताबड़तोड़ 158 रनों की पारी खेली। इस उम्दा पारी की बदौलत झज्जर ने 50 ओवर में 386 रन बनाए। जबकि हांसी की पारी 209 रनों पर सिमट गई। इस तरह से झज्जर ने 177 रनों से जीत दर्ज की।

लक्ष्य हरियाणा रणजी टीम का भी हिस्सा है। वर्ष 2017 में सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी से उसने घरेलू क्रिकेट में डेब्यू किया था। वर्ष 2024-25 रणजी ट्राफी में हरियाणा की तरफ से ओपनिंग करते हुए एमपी के खिलाफ शतक लगाया। अंडर-25 स्टेट ट्रॉफी में कप्तानी कर चुका है। इसके अलावा सीके नायडू ट्रॉफी, वीनू मांकड़ ट्रॉफी, कूच बिहार तथा विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुका है। बीसीसीआई के अंडर 16 नॉर्थ जोन कैंप, विजय ट्रॉफी सहित अन्य इवेंट में भी भाग लिया है। इनके अलावा नॉर्थ वेस्ट इंटर तथा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी की विजेता टीम का कप्तान रह चुका है।




बहादुरगढ़। झज्जर टीम के कप्तान लक्ष्य दलाल।

# दूसरे मृतक श्रमिक के आश्रितों को सौंपा चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने एमआईई में हुई आगजनी की घटना का शिकार हुए दूसरे श्रमिक के परिवार को भी सहायता राशि प्रदान की। कोबी ने जिले के उद्योगपतियों के सहयोग से दोनों पीड़ित परिवारों के लिए कुल 5 लाख की सहायता राशि एकत्रित की थी। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, गजेंद्र यादव, अशोक, विकास, नरेंद्र सिंघल और विकास गुप्ता आदि ने स्व. संतोष कुमार की मां कमला को मृतक की पुत्री विनीता के नाम पर भी 2.50 लाख का सहायता चेक सौंप दिया। इससे पहले स्व. शैलेश कुमार की पुत्री अंकिता को 2.50 लाख का सहायता चेक प्रदान किया गया था।

# फ्लाईओवर के नीचे खोर तोड़ने से लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के नाहरा-नाहरी रोड पर पुरानी फाटक के निकट फ्लाईओवर के नीचे गौभक्तों द्वारा बनाई गई गौ-खोर को तोड़े जाने के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यह खोर लावारिस गायों और अन्य गोवंश के लिए बनाई गई थी, जहां उन्हें नियमित रूप से चारा डाला जाता था।

स्थानीय निवासी तेजा हुड्डा, नरेश गौतम, हरिकिशन भारद्वाज, राजबीर रोहिल्ला, जसबीर आदि के अनुसार वर्षों से गौभक्त अपने स्तर पर इस स्थान पर लावारिस गोवंश की सेवा कर रहे थे। राहगीर और आसपास के लोग भी यहां चारा डालकर पुण्य का कार्य करते थे। लेकिन गत दिवस खोर को हटा दिए जाने से अब गोवंश के सामने चारे की समस्या खड़ी हो गई है। गौसेवा से जुड़े हरिओम जून का कहना है कि शहर में बड़ी संख्या में लावारिस पशु घूमते हैं और यह खोर उनके लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था थी। इसे हटाने से गोवंश को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। लोगों ने सवाल उठाया कि यदि किसी कारणवश खोर हटाना आवश्यक था तो पहले इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी। मुकेश, हरीश, रामनिवास हुड्डा, पंडित कृष्ण, रामकिशन, नरेश व अशोक आदि ने प्रशासन से दोबारा खोर बनाने की मांग की है। ताकि लावारिस गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था सुचारु रूप से जारी रह सके। फिलहाल, खोर हटाए जाने के कारणों को लेकर संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। गोभक्त प्रशासन से मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द दोबारा खोर बनवाने की मांग कर रहे हैं।



बहादुरगढ़। खोर तोड़ने के बाद वहां भूखे भटक रहे गोवंश।



झज्जर। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता का संदेश देते विद्यार्थी।

## पेंटिंग व पोस्टर सरीखे स्वीप कार्यक्रमों से लोगों को जागरूक कर रहे छात्र

**झज्जर।** मतदाता सूची के एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिलाभर में स्वीप गतिविधियां जारी है। वीरवार को गांव हसनपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहित विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से पेंटिंग,पोस्टर एवं स्लोगन हस्ताक्षर अभियान, बैनर-पोस्टर प्रदर्शन तथा अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य मतदाताओं को एसआईआर अभियान की जानकारी देना और उन्हें इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।

## शिविर में बुजुर्गों का जांचा स्वास्थ्य



**झज्जर।** आयुष विभाग द्वारा चलाए जा रहे वृद्ध सेवा एवं स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के गांव हसनपुर में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों की जांच की गई। एएमओ डॉक्टर अनीता लाठर ने शिविर में पहुंचे महिला एवं पुरुषों की स्वास्थ्य जांच करते हुए जरुरतमंद लोगों में निःशुल्क दवाएं भी वितरित की। शिविर में 36 बुजुर्गों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस दौरान योगा सहायक नवीन कायत व योगा इंस्ट्रक्टर ममता ने उन्हें सुक्ष्म व्यायाम व प्राणायाम द्वारा स्वस्थ्य रहने के उपायों से अवगत कराया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# ओलंपियाड में एलए स्कूल के विद्यार्थी छाए

- छठी कक्षा से दसवीं तक के 74 विद्यार्थियों ने एक्सीलेंस गोल्ड मेडल प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ ओलंपियाड के हिंदी विषय में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। नौवीं कक्षा की छात्रा अमनदीप ने इंटरनेशनल 8वीं रैंक प्राप्त कर मेरिट सर्टिफिकेट के साथ नकद राशि का प्रोत्साहन पुरस्कार भी जीता। छठी कक्षा से दसवीं कक्षा तक के 74 विद्यार्थियों ने एक्सीलेंस गोल्ड मेडल प्राप्त किए। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान व प्रबन्धक केएम डागर ने कहा कि बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों ने भी कड़ी मेहनत कर हिंदी विषय के ओलम्पियाड में कीर्तिमान स्थापित किया है। हिंदी प्राध्यापिका सुदेश, पूनम गुलिया, स्नेहलता, ज्योति शर्मा को विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए मिडिल विंग एचओडी पिंकी अहलावत ने मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया व भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित ओलंपियाड के उत्तीर्ण विद्यार्थी।

# ग्लोबल वार्मिंग रोकने को अधिक पेड़ लगाने का आह्वान




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी, स्टाफ सदस्य एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव भंभेवा में सूर्या ग्रुप रोहतक द्वारा संचालित सात दिवसीय वन महोत्सव जागरूकता अभियान के दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीन गहलोत ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब हम सांस लेते है तो पेड़ लगाना भी हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरला, निर्मला, मनीषा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### विधायक राजेश जून ने बहादुरगढ़ में भाजपा को मजबूत करने का संकल्प दोहराया

# विधायक ने एसआईआर को लेकर मतदाताओं से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने क्षेत्र के नागरिकों से 14 जुलाई तक एसआईआर प्रक्रिया ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से हर हाल में पूरी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक मतदाता के लोकतांत्रिक अधिकार की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। समय रहते सत्यापन कराने से भविष्य में मतदान के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। विधायक राजेश जून ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा रहा है। इससे फर्जी या दोहरे नाम हटाने, पात्र नागरिकों का नाम सुरक्षित रखने, पता अथवा अन्य जानकारी में सुधार करने और मतदान के अधिकार को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का यह दायित्व है कि वह निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी जानकारी का सत्यापन अवश्य कराएं।



बहादुरगढ़। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक राजेश जून व अन्य भाजपाई।

### विकास कार्यों पर रहेगा फोकस

राजेश जून ने कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में भाजपा सरकार को समर्थन दिया था। हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में भी भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। उनका लक्ष्य बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले सभी चुनावों में भाजपा प्रत्याशी पहले से अधिक मतों के अंतर से विजय प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बहादुरगढ़ में विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं। उनका पूरा ध्यान क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और भाजपा संगठन को मजबूत करने पर केंद्रित है। इस मौके पर पार्षद अशोक शर्मा, सत्यप्रकाश छिकारा, अश्वनी शर्मा शंभू, प्रवीण सोनू, राजेश मकड़ोली, प्रवीण छिल्लर, हरिमोहन धाकरे, पवन रोहिल्ला, अनिल सिंगल, सत्यवान दलाल, युवराज छिल्लर, महेंद्र छिल्लर, बलराज दलाल, दयानंद, देवबीर राठी, अजीत दलाल, मनोज छिकारा, रजत छिल्लर, दीपक चाहर, योगेश व रविंद्र आदि उपस्थित रहे।